**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1986**

**उत्तर देने की तारीख 28.07.2022**

एमएसएमई क्षेत्र में एफडीआई

1986. श्री एन. रेड्डप्पः

श्री पी.वी. मिधुन रेड्डीः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले दो वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में एमएसएमई क्षेत्र में लाए गए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने एमएसएमई क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए उपाय किए हैं; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)**

(क) से (ग): एमएसएमई क्षेत्र के लाए गए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) हेतु विशिष्ट आंकड़ों का अनुरक्षण नहीं किया जाता है। तथापि, विगत दो वित्तीय वर्षों अर्थात 2020-21, 2021-22 और वर्तमान वित्तीय वर्ष अर्थात 2022-23 (मई, 2022 तक) के दौरान सभी क्षेत्रों में सूचित एफडीआई इक्विटी अंतर्वाह का राज्य-वार विवरण अनुबंध में संलग्न है।

इसके अलावा, सरकार ने एफडीआई आकर्षित करने के लिए एक उदार और पारदर्शी नीति अपनाई है जिसमें कतिपय रणनीतिक महत्वपूर्ण क्षेत्रों को छोड़कर अधिकतर क्षेत्र स्वतः अनुमोदित मार्ग के अंतर्गत 100 प्रतिशत एफडीआई के लिए खुले हैं।

मौजूदा एफडीआई नीति के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में अनुमत 100 प्रतिशत एफडीआई स्वतः अनुमोदित मार्ग के अधीन है। विनिर्माण कार्यकलाप या तो निवेश प्राप्तकर्ता कंपनी द्वारा स्व-विनिर्माण या कानूनी रूप से मान्य अनुबंध के माध्यम से भारत में संविदा विनिर्माण हो सकता है, चाहे वह प्रमुख से प्रमुख आधार पर हो अथवा प्रमुख से एजेंट आधार पर हो। इसके अलावा, विनिर्माता को बिना सरकारी अनुमोदन के ई-कॉमर्स माध्यम सहित थोक और/अथवा खुदरा के माध्यम से भारत में निर्मित अपने उत्पादों को बेचने की अनुमति है। इसके अतिरिक्त, व्यापार क्षेत्र में एफडीआई नीति प्रावधानों के बावजूद, भारत में निर्मित और/या उत्पादित खाद्य उत्पादों के संबंध में ई-कॉमर्स माध्यम सहित खुदरा व्यापार के लिए सरकारी अनुमोदन मार्ग के अंतर्गत 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति है।

इसके अतिरिक्त, एकल ब्रांड खुदरा व्यापार में एफडीआई के लिए एफडीआई नीति के पैरा 5.2.15.3 में प्रावधानों की व्यवस्था है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ अपेक्षा की गई है कि 51 प्रतिशत से अधिक विदेशी निवेश वाले प्रस्तावों के संबंध में खरीदी गई वस्तुओं के मूल्य का 30 प्रतिशत सभी क्षेत्रों में भारत, वरीयतः एमएसएमई, ग्राम और कुटीर उद्योगों, कारीगरों और शिल्पकारों से स्रोतित की जाएगी। इसी प्रकार से मल्टी ब्रांड खुदरा व्यापार में एफडीआई के लिए एफडीआई नीति के पैरा 5.2.15.4 में प्रावधानों की व्यवस्था है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ अपेक्षा की गई है कि खरीदे गए विनिर्मित/प्रसंस्कृत उत्पादों के प्रापण के मूल्य का कम से कम 30 प्रतिशत उन भारतीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से स्रोतित होगा जिनका संयंत्र एवं मशीनरी में कुल निवेश 2.00 मिलियन यूएस डॉलर से अधिक नहीं है।

******

अनुबंध

दिनांक 28.07.2022 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या **1986** के भाग **(क)** से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

| वित्तीय वर्ष वार विवरण<br>एफडीआई इक्विटी प्रवाह<br>अप्रैल 2020 से मई 2022 तक | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्रमांक | क्षेत्र | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23 (मई 2022 तक)** | संचयी एफडीआई |
| | | राशि (मिलियन अमरीकी डालर में) | राशि (मिलियन अमरीकी डालर में) | राशि (मिलियन अमरीकी डालर में) | संचयी राशि (मिलियन अमरीकी डालर में) |
| 1 | कृषि उपकरण | 142.5893 | 268.7335 | - | 411.3228 |
| 2 | कृषि सेवाएं | 117.1039 | 258.4651 | 46.6318 | 422.2007 |
| 3 | हवाई परिवहन (हवाई भाड़ा सहित) | 204.0961 | 584.8250 | 19.7615 | 808.6826 |
| 4 | ऑटोमोबाइल उद्योग | 1,637.4449 | 6,993.5511 | 645.2469 | 9,276.2429 |
| 5 | बॉयलर और भाप पैदा करने वाले संयंत्र | 0.9026 | - | - | 0.9026 |
| 6 | सीमेंट और जिप्सम उत्पाद | 3.7809 | 204.4085 | - | 208.1893 |
| 7 | चीनी मिट्टी की चीज़ें | 20.6084 | 1.3368 | 0.0447 | 21.9898 |
| 8 | रसायन (उर्वरक के अलावा) | 847.0709 | 965.7818 | 713.5966 | 2,526.4492 |
| 9 | वाणिज्यिक, कार्यालय और घरेलू उपकरण | 47.2469 | 17.2416 | 0.2587 | 64.7472 |
| 10 | कंप्यूटर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर | 26,144.6948 | 14,461.3525 | 2,675.5353 | 43,281.5826 |
| 11 | निर्माण (बुनियादी ढांचा) गतिविधियां | 7,874.5429 | 3,247.5090 | 357.8332 | 11,479.8850 |
| 12 | निर्माण विकास: टाउनशिप, आवास, निर्मित बुनियादी ढांचा और निर्माण-विकास परियोजनाएं | 422.0907 | 124.9882 | 10.2609 | 557.3398 |
| 13 | परामर्शदात्री सेवाएं | 938.4423 | 1,150.4041 | 44.2803 | 2,133.1267 |
| 14 | रक्षा उद्योग | 0.6308 | 2.3631 | 0.6503 | 3.6442 |
| 15 | हीरा, सोने के गहने | 13.8286 | 22.2168 | - | 36.0454 |
| 16 | ड्रग्स और फार्मास्यूटिकल्स | 1,490.4937 | 1,414.2358 | 413.4098 | 3,318.1393 |
| 17 | डाई-सामान | 4.4449 | 2.9433 | - | 7.3882 |
| 18 | अर्थ मूविंग मशीनरी | 39.3927 | 60.5991 | 0.1085 | 100.1002 |
| 19 | शिक्षा | 1,250.3659 | 3,228.6787 | 161.6916 | 4,640.7362 |
| 20 | विद्युत उपकरण | 1,411.9465 | 683.7012 | 369.8282 | 2,465.4759 |
| 21 | इलेक्ट्रॉनिक्स | 375.3117 | 416.9984 | 64.5150 | 856.8251 |
| 22 | किण्वन उद्योग | 84.7742 | 869.5196 | 204.1268 | 1,158.4205 |
| 23 | उर्वरक | 17.8922 | 6.0724 | 0.0173 | 23.9819 |
| 24 | खाद्य प्रसंस्करण उद्योग | 393.4104 | 709.7147 | 168.0686 | 1,271.1938 |
| 25 | कांच | 42.3621 | 588.2155 | 34.4835 | 665.0611 |

वित्तीय वर्ष वार विवरण
एफडीआई इक्विटी प्रवाह
अप्रैल 2020 से मई 2022 तक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 26 | गोंद और जिलेटिन | 0.7446 | 4.5603 | 0.4911 | 5.7960 |
| 27 | अस्पताल और नैदानिक केंद्र | 501.1625 | 697.5012 | 98.2679 | 1,296.9316 |
| 28 | होटल और पर्यटन | 368.9632 | 729.0804 | 73.5729 | 1,171.6165 |
| 29 | औद्योगिक उपकरण | 0.7011 | 0.1058 | - | 0.8070 |
| 30 | औद्योगिक उपकरण | 253.3266 | 320.6621 | 26.8576 | 600.8464 |
| 31 | सूचना और प्रसारण (प्रिंट मीडिया सहित) | 313.8941 | 152.2729 | 96.5054 | 562.6723 |
| 32 | लेदर, लेदर गुड्स एंड पिकर्स | 8.8872 | 7.1486 | 0.2596 | 16.2954 |
| 33 | मशीन टूल्स | 20.9056 | 31.2321 | 0.2744 | 52.4121 |
| 34 | चिकित्सा और शल्य चिकित्सा उपकरण | 68.9069 | 208.0477 | 103.0769 | 380.0315 |
| 35 | धातुकर्म उद्योग | 1,340.4721 | 2,272.3503 | 33.5581 | 3,646.3806 |
| 36 | खुदाई | 168.7706 | 344.6062 | 160.0267 | 673.4035 |
| 37 | विविध उद्योग | 767.5168 | 492.9095 | 47.6392 | 1,308.0655 |
| 38 | विविध यांत्रिक और इंजीनियरिंग उद्योग | 64.1028 | 411.1702 | 22.5622 | 497.8352 |
| 39 | गैर-पारंपरिक ऊर्जा | 797.2063 | 1,600.9318 | 822.4966 | 3,220.6347 |
| 40 | कागज और लुगदी (कागज उत्पादों सहित) | 22.4166 | 158.4769 | - | 180.8934 |
| 41 | पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस | 102.8069 | 56.4087 | 2.6417 | 161.8573 |
| 42 | शक्ति | 373.6348 | 525.6590 | 501.7732 | 1,401.0669 |
| 43 | प्राइम मूवर (विद्युत जनरेटर के अलावा) | 279.9708 | 25.0769 | - | 305.0477 |
| 44 | पुस्तकों की छपाई (लिथो प्रिंटिंग उद्योग सहित) | 81.2097 | 316.9538 | 22.4284 | 420.5919 |
| 45 | रेलवे से संबंधित घटक | 119.6366 | 1.2632 | 0.0582 | 120.9580 |
| 46 | खुदरा व्यापार | 1,338.0720 | 497.1292 | 120.9256 | 1,956.1267 |
| 47 | रबड़ के सामान | 265.9423 | 70.7302 | 29.9001 | 366.5727 |
| 48 | वैज्ञानिक उपकरण | 9.4199 | 7.5653 | 0.0872 | 17.0723 |
| 49 | समुद्री परिवहन | 294.2040 | 393.8058 | 106.2302 | 794.2400 |
| 50 | सेवा क्षेत्र (वित्त, बैंकिंग, बीमा, गैर वित्तीय/व्यवसाय, आउटसोर्सिंग, आर एंड डी, कूरियर, टेक। परीक्षण और विश्लेषण, अन्य) | 5,060.2237 | 7,131.4383 | 1,942.6931 | 14,134.3551 |
| 51 | साबुन, सौंदर्य प्रसाधन और शौचालय की तैयारी | 103.5282 | 548.8914 | 10.8998 | 663.3195 |
| 52 | चीनी | 24.9363 | 0.5489 | 0.0516 | 25.5368 |
| 53 | चाय और कॉफी (कॉफी और रबड़ का प्रसंस्करण और भंडारण) | 8.6515 | 3.0878 | - | 11.7393 |

वित्तीय वर्ष वार विवरण
एफडीआई इक्विटी प्रवाह
अप्रैल 2020 से मई 2022 तक

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 54 | दूरसंचार | 392.1075 | 668.1440 | 618.2639 | 1,678.5154 |
| 55 | कपड़ा (रंगीन, मुद्रित सहित) | 298.6735 | 247.7544 | 14.4639 | 560.8918 |
| 56 | लकड़ी के उत्पाद | 5.8898 | 20.4526 | 4.0229 | 30.3653 |
| 57 | व्यापार | 2,608.2203 | 4,537.5933 | 1,809.3768 | 8,955.1903 |
| 58 | वनस्पति तेल और वनस्पति | 44.9660 | 5.8534 | 11.1522 | 61.9716 |
| | कुल: | 59,635.5390 | 58,773.2681 | 12,610.9065 | 131,019.7137 |

* कुल एफडीआई अंतर्वाह में इक्विटी अंतर्वाह, अनिगमित निकायों की इक्विटी पूंजी, पुनर्निवेशित आय और अन्य पूंजी शामिल हैं। क्षेत्र/राज्य/देश-वार विवरण केवल एफडीआई अंतर्वाह के इक्विटी घटक के लिए बनाए रखा जाता है।

स्रोत: वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, डीपीआईआईटी